-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **बांदा पुलिस द्वारा मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर दी गई सलामी।**
- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस कार्यालय में दोनों महापुरुषों को चित्रों पर किया गया माल्यार्पण। सभी थानों एवं चौकियों में पुलिसकर्मियों द्वारा महापुरुषों को किया गया नमन।**

विवरण- बांदा पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.10.2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के दूसरे प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर उनके आदर्शों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर **पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा, "महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बने। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' के नारे के साथ देश की सेवा की और सादगीपूर्ण जीवन के माध्यम से नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।"** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से अपील की कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के आदर्शों का पालन करें। उन्होंने कहा, "इन महान नेताओं के आदर्श हमारे लिए आज भी प्रासंगिक हैं। पुलिसकर्मियों को भी सत्यनिष्ठा, अनुशासन, और सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए साथ ही दोनों महापुरुषों द्वारा संस्थापित किए गए मानवीय आदर्शों एवं राष्ट्र प्रथम की भावना का स्वयं के अन्तर्मन एवं कार्यस्थल पर उतारने को कहा गया। अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधि0/कर्मचारियों के साथ दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक श्री अखिलेश राजन, पुलिस उपाधीक्षक श्री राजेश नारायण, सहायक रेडियो अधिकारी श्री समर सिंह व प्रतिसार निरीक्षक श्री बेलाश यादव द्वारा भी महापुरुषों को नमन किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों व चौकियों में भी अधि0/कर्मचारियों द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।